# Daily Current Affairs

Date : 10 December, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | मिनरल व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम (1 जनवरी, 2026 से लागू) |
| 2. | नौनेरा वृहद एवं परवन-अकावद पेयजल परियोजना |
| 3. | फेडरेशन कप लैक्रोस चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान विजेता |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल<br>2. ढूंढाड़ी चित्रकला के चित्रकार कैलाश राठौड़ का निधन<br>3. 'पाई स्कूल ओलंपिक्स' – 2025<br>4. स्पेशल ओलिंपिक यूनिफाइड बास्केटबॉल 3×3 वर्ल्ड कप<br>5. अटल सार्क गौरव अवॉर्ड – 2025<br>6. जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल, 2025 |
| 5. | वंदे मातरम् |
| 6. | थाईलैंड कम्बोडिया संघर्ष |
| 7. | राष्ट्रीय समुही मत्स्यपालक गणना, 2025 |
| 8. | भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- IISF |
| 9. | सोयुज MS-27 अंतरिक्ष यान |
| 10. | निर्यात संवर्धन मिशन-EPM |
| 11. | हिन्दु वृद्धि दर |
| 12. | ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड, 2025 |
| 13. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सर्वज्ञ सिंह कुशवाह: शतरंज<br>2. अभिनेत्री रवीना टंडन<br>3. "क्रांति खेल से" अभियान<br>4. ग्लोबल AI शो, 2025<br>5. गीता महोत्सव |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| | 6. आंद्रेज वाबिस: चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री<br>7. 33वें दक्षिण पूर्व एशियाई खेल (SEAG), 2025<br>8. बाबा अधव<br>9. पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2025<br>10. जल शक्ति हैकाथॉन, 2025<br>11. भारत में AI विकास में माइक्रोसॉफ्ट का निवेश<br>12. एक राष्ट्र, एक बंदरगाह ढाँचा<br>13. वाशिंगटन एकॉर्डस<br>14. UHC ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट-2025 |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## मिनरल व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम (1 जनवरी, 2026 से लागू)

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान खनन विभाग द्वारा पूरे राज्य में 1 जनवरी, 2026 से 'मिनरल व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम' लागू किए जाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए।



### मुख्य बिन्दु:

- विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 1 जनवरी, 2026 से पहले सभी खनिज वाहनों पर GPS आधारित व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस (VLTD) और रेडियो-फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) टैग लगाना अनिवार्य है।
- नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहनों को खनिज परिवहन के लिए 'ई-रवन्ना' जारी नहीं होगा।
- **ई-रवन्ना :** ई-रवन्ना एक इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली (एप्प) है, जिसे राजस्थान सरकार ने खनिज परिवहन में पारदर्शिता लाने, रॉयल्टी चोरी को रोकने और ओवरलोडिंग की समस्या से निपटने के लिए शुरू किया है। 31 अक्टूबर 2017 के बाद से, बजरी और जिप्सम के लिए विशेष मामलों को छोड़कर, सभी प्रकार के खनिज परिवहन के लिए मैन्युअल (भौतिक) रवन्ना जारी करना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।
- **नोट :** राजस्थान प्री-एम्बेडेड ब्लॉकों की नीलामी करने वाला देश का पहला राज्य है। मिनरल ब्लॉकों की नीलामी से पहले ही आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ब्लॉक की नीलामी करने की प्रक्रिया को 'प्री-एम्बेडेड क्लियरेन्स' कहा जाता है।

UTKARSH CIVIL SERVICES




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स (आर्थिक समीक्षा – 2024-25)

### राजस्थान में खनन क्षेत्र:

- राजस्थान खनिज संसाधनों के सन्दर्भ में भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है, यहाँ 81 प्रकार के खनिजों के भंडार हैं, जिनमें से 58 खनिजों का खनन किया जाता है।
- राजस्थान सीसा एवं जस्ता अयस्क, सेलेनाइट और वोलास्टोनाइट का एकमात्र उत्पादक राज्य है, वहीं चाँदी, कैल्साइट एवं जिप्सम के उत्पादन में देश में अग्रणी है।
- राजस्थान बॉल क्ले, फॉस्फोराइट, गेरू, स्टीटाइट, फेल्सपार और फायर क्ले के राष्ट्रीय उत्पादन में शीर्ष पर है।
- राजस्थान संगमरमर, बलुआ पत्थर और ग्रेनाइट जैसे आयामी पत्थरों के साथ-साथ सीमेंट-ग्रेड और स्टील-ग्रेड चूना पत्थर का एक प्रमुख उत्पादक राज्य है।
- वर्ष 2024-25 में खान एवं भूविज्ञान विभाग हेतु ₹9,500 करोड़ का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### राजस्थान खनिज नीति – 2024




- जारी – 04 दिसंबर, 2024 को।
- राजस्थान खनिज नीति 2024 का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक कल्याण सुनिश्चित करते हुए आर्थिक विकास के लिए राज्य के प्रचुर खनिज संसाधनों का लाभ उठाते हुए टिकाऊ, पारदर्शी और जिम्मेदार खनिज विकास को बढ़ावा देना है।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**मुख्य विशेषताएं:**

- **आर्थिक विकास और निवेश:** खनिज आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना और राज्य के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) में इस क्षेत्र के योगदान को बढ़ाना।
- **रोजगार सृजन:** वर्ष 2047 तक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 1 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना।
- **स्थिरता और ई.एस.जी. अनुपालन:** शून्य अपशिष्ट खनन, पर्यावरण अनुकूल तकनीकों और अपशिष्ट प्रबंधन रणनीतियों को लागू करना।
- **प्रौद्योगिकी एकीकरण:** उन्नत अन्वेषण तकनीकों, AI आधारित निगरानी और डिजिटल प्रशासन अपनाकर पारदर्शिता सुनिश्चित करना।
- **अवैध खनन शमन:** GPS- आधारित ट्रैकिंग, जियो-फेंसिंग और रीयल-टाइम निगरानी का उपयोग कर अवैध गतिविधियों को रोकना।

**लक्ष्य :**

1. मौजूदा 0.68 प्रतिशत मिनरल कंसेशन एरिया को 2029-30 तक बढ़ाकर 1.0 प्रतिशत और 2046-47 तक 2.0 प्रतिशत करना।
2. राज्य में उत्खनन योग्य मिनरल्स की संख्या को 2047 तक 58 से बढ़ाकर 70 करना।
3. 2025-26 में 5 ब्लॉक से शुरू करके, 2029-30 तक प्री-एम्बेडेड 50 बड़े मिनरल ब्लॉक की नीलामी करना।
4. 2029-30 तक 50 लाख और 2046-47 तक 1 करोड़ से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार सृजित करना।
5. मिनरल सेक्टर का राज्य के GSDP में योगदान को 2029-30 तक 5 प्रतिशत और 2046-47 तक 8 प्रतिशत करना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:**

**राजस्थान स्टेट मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट (RSMET)**

- **गठन :** वर्ष 2020 में।
- **उद्देश्य :** राजस्थान में उपलब्ध खनिज भण्डारों की वैज्ञानिक तरीके से खोज व खनन में आधुनिक तकनीक का उपयोग, अनुसंधान, शोध, कौशल विकास व राजस्व बढ़ोतरी सहित इससे जुड़ी गतिविधियों का बेहतर संचालन और मोनीटरिंग करना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# नौनेरा वृहद एवं परवन-अकावद पेयजल परियोजना

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राज्य सरकार द्वारा 'जल जीवन मिशन' के अन्तर्गत 'नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना' एवं 'परवन-अकावद पेयजल परियोजना' के कार्यादेश जारी किए गए।

## मुख्य बिन्दु:

- राज्य सरकार ने इन दोनों परियोजनाओं को अगस्त, 2027 तक पूरा किए जाने का महत्त्वकांक्षी लक्ष्य रखा है।

### नौनेरा वृहद पेयजल परियोजना:

- **लाभान्वित जिले :** कोटा एवं बूंदी। (749 गाँव एवं 6 कस्बे)
- परियोजना के अन्तर्गत कोटा एवं बूंदी के लिए 1 इन्टैक पंप गृह निर्माण, 3 जल शोधन संयंत्र निर्माण, 14 स्वच्छ जलाशयों तथा 137 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा।
- साथ ही, दोनों जिलों के लिए 58.45 किलोमीटर लम्बी रॉ वॉटर राइजिंग मेन पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

### परवन-अकावद पेयजल परियोजना:

- **लाभान्वित जिले :** झालावाड़-बारां-कोटा। (1402 गाँव 276 ढाणियाँ)
- परियोजना के अन्तर्गत कोटा एवं झालावाड़ के लिए 2 इन्टैक पंप गृह निर्माण, 2 जल शोधन संयंत्र निर्माण, 41 स्वच्छ जलाशयों तथा 276 उच्च जलाशयों का निर्माण किया जाएगा।
- साथ ही, बारां-कोटा-झालावाड़ के लिए कुल 661 किलोमीटर लम्बी मुख्य ट्रांसमिशन पाइप लाइन बिछाई जाएगी।

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### जल जीवन मिशन (JJM)

- केंद्र सरकार द्वारा अगस्त, 2019 में देश के प्रत्येक ग्रामीण घर में नल से पेयजल आपूर्ति करने के उद्देश्य से राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझेदारी से जल जीवन मिशन (JJM) की शुरुआत की गई।
- **क्रियान्वयन :** पेयजल और स्वच्छता विभाग (जल शक्ति मंत्रालय)।
- **राजस्थान में क्रियान्वयन :** राजस्थान में जल जीवन मिशन (JJM) के कार्यान्वयन की प्राथमिक ज़िम्मेदारी 'जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED)' की है। जल राज्य सूची का विषय है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फेडरेशन कप लैक्रोस चैंपियनशिप 2025 में राजस्थान विजेता

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान की बॉय्ज़ एण्ड गर्ल्स टीम ने लगातार दूसरी बार ‘फेडरेशन कप लैक्रोस चैंपियनशिप’ का खिताब जीता।



### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन :** श्री माता वैष्णो देवी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कटरा (जम्मू-कश्मीर)।
- **आयोजक :** लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जम्मू-कश्मीर लैक्रोस एसोसिएशन।
- **बॉयज वर्ग :** राजस्थान ने गुजरात को हराया।
- **गर्ल्स वर्ग :** राजस्थान ने हरियाणा को हराया।
- **बॉयज टीम के कप्तान :** मोहनलाल गमेती।
- **गर्ल्स टीम की कप्तान :** सुनीता मीणा।
- **नोट :** राजस्थान ने पिछले तीन वर्षों में आयोजित 22 राष्ट्रीय लैक्रोस चैंपियनशिप में से 15 स्वर्ण सहित 19 पदक जीते हैं।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡


| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **जयपुर में पीएम यूनिटी मॉल**<br>■ राजधानी जयपुर के रीको फिनटेक पार्क में पीएम यूनिटी मॉल का निर्माण किया जा रहा है।<br>■ इस मॉल का उद्देश्य 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' (ODOP) पहल के तहत राजस्थान और अन्य राज्यों के भौगोलिक संकेत (GI) उत्पादों और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना है। |
| 2. | **ढूंढाड़ी चित्रकला के चित्रकार कैलाश राठौड़ का निधन**<br>■ ढूंढाड़ी चित्रकला के शिल्पकार कैलाश राठौड़ का हाल ही में निधन हो गया।<br>■ इन्होंने 'रंगरीत संस्था' के लिए जयदेवकृत 'गीत गोविंद' की शृंखला पर चित्रण किया था। |
| 3. | **'पाई स्कूल ओलंपिक्स' – 2025**<br><br><br>■ **संस्करण :** 8वाँ।<br>■ **आयोजन :** 8 से 13 दिसंबर, 2025 तक सवाई मानसिंह स्टेडियम।<br>■ **आयोजक :** पत्रिका इन एजुकेशन (PIE) और राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## 4. स्पेशल ओलंपिक यूनिफाइड बास्केटबॉल 3×3 वर्ल्ड कप

- **आयोजन :** 3 से 7 दिसंबर, 2025 तक सैन जुआन, प्यूर्टो रिको में।
- इस वर्ल्ड कप में भारत ने कांस्य पदक जीता।
- भारतीय टीम में राजस्थान के सम्यक नोंक (जयपुर) भी थे।




## 5. अटल सार्क गौरव अवॉर्ड – 2025

- वर्ष 2025 के 'अटल सार्क गौरव अवॉर्ड' का आयोजन सार्क चार्टर दिवस (8 दिसंबर) के अवसर पर जयपुर में आयोजित किया गया।
- **प्रदानकर्ता :** अंतरराष्ट्रीय समरसता मंच।
- यह पुरस्कार इंडो-नेपाल समरसता संगठन के सहयोग से विभिन्न सार्क देशों और उससे बाहर के व्यक्तियों को समाज और विशिष्ट क्षेत्र में उनके योगदान के लिए दिया जाता है।

## 6. जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल, 2025




- **आयोजन :** 6 से 7 दिसंबर, 2025 तक।
- **स्थान :** जयगढ़ किला, जयपुर।
- **आयोजक :** वेदांता और टीमवर्क आर्ट्स।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## वंदे मातरम्

### चर्चा में क्यों?

- भारत अपने राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम् की 150 वीं वर्षगांठ मना रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

- **उत्पत्ति –** वंदेमातरम् की रचना बंकिम चंद्र चटर्जी ने संस्कृत में की थी तथा यह पहली बार 1882 ई. में आनन्दमठ उपन्यास में प्रकाशित हुआ।
- आनन्दमठ 1769-73 ई. के बंगाल अकाल और संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है।
- 1896 ई. के भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस अधिवेशन में गाए जाने के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।
- 1907 ई. में मैडम भीकाजी कामा ने बर्लिन के स्टटगार्ड में भारत के बाहर पहली बार तिरंगा झण्डा फहराया। इस झण्डे पर वंदेमातरम् लिखा था।
- 1906 में बिपिन चन्द्रपाल के संपादन में वंदेमातरम् नामक अंग्रेजी दैनिक शुरू किया गया।
- **राष्ट्रीय गीत-** 24 जनवरी 1950 को इसके पहले दो छंदों को भारत के राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## थाईलैंड-कम्बोडिया संघर्ष

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में थाईलैंड ने कम्बोडिया सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए।

### मुख्य बिन्दु:

- यह क्षेत्रीय विवाद 1907 ई. में फ्रांस द्वारा औपनिवेशिक युग में किए गए सीमा निर्धारण से जुड़ा है।
- विवाद का केन्द्र प्रेह विहेअर मंदिर है, जो 11वीं-12वीं शताब्दी का सांस्कृतिक रूप से महत्त्वपूर्ण खमेर तीर्थ स्थल है।
- अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने 1962 में तथा पुन: 2013 में कम्बोडिया संप्रभुता की पुष्टि की परन्तु थाईलैंड ने इन निर्णयों को अस्वीकार कर दिया है।




### प्रेह विहेअर मंदिर-

- यह भगवान शिव को समर्पित एक हिन्दु मंदिर है, जो कम्बोडिया में थाईलैंड-कंबोडिया सीमा के पास डैंगरेक पर्वतों में स्थित है।
- **स्थिति –** यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## राष्ट्रीय समुही मत्स्यपालक गणना, 2025

**चर्चा में क्यों?**

- हाल ही में, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री द्वारा लोकसभा में राष्ट्रीय समुद्री मत्स्यपालक गणना, 2025 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की।

**मुख्य बिन्दु:**

- **शुरुआत:** 3 नवम्बर, 2025 को केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI), कोच्चि में किया गया।
- **नोडल एजेन्सी:** ICAR - केन्द्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान।
- **परिचालन भागीदार :** फिशरी सर्वे ऑफ इण्डिया (FSI)
- **संचालन :** यह गणना प्रधानमंत्री 'मत्स्य संपदा योजना (PMMSY) के अंतर्गत संचालित कि जा रही है।
- **गणना की अवधि :** 3 नवम्बर, 2025 से 18 दिसंबर, 2025 तक (45 दिवसीय)।
- **उद्देश्य:** समुद्री मत्स्य समुदायों, अवसंरचना एवं सामाजिक-आर्थिक संकेतको का एक व्यापक डिजिटल डेटाबेस तैयार करना तथा मत्स्य प्रबंधन का आधुनिकीकरण व कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार करना।

**विशेषताएँ -**

1. यह भारत की पहली पूर्णतः डिजिटाइज्ड मत्स्य गणना है।
2. यह गणना 9 तटीय राज्यों और 4 केन्द्र शासित प्रदेशों में स्थित लगभग 4,000 समुद्री मत्स्य ग्रामो और 12 लाख मत्स्य गृहो को कवर करेगी।

- CMERI द्वारा विकसित 2 प्रमुख मोबाइल एप्स का उपयोग किया जा रहा है, जिससे सटीकता, पारदर्शिता और कार्यकुशलता सुनिश्चित होगी।

| मोबाइल एप्स | कार्य |
|---|---|
| व्यास भारत (VYAS Bharat) | डेटा अध्ययन और जियो-रेफरेंसिंग |
| व्यास सूत्र (VYAS Sutra) | सत्यापन व पर्यवेक्षण (रीयल टाइम मॉनिटरिंग) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव- IISF

### चर्चा में क्यों?

- 11 वाँ भारत अंतरराष्ट्रीय विज्ञान महोत्सव हरियाणा के पंचकुला में शुरू हुआ।

### मुख्य बिन्दु:

**IISF के बारे में –**

- **थीम:** IISF 2025 का विषय विज्ञान से समृद्धि : आत्मनिर्भर भारत के लिए है।
- **लॉन्च:** 2015
- इसने वैज्ञानिक आदान-प्रदान, नवाचार, आउटरीच तथा सार्वजनिक जुड़ाव के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में खुद को स्थापित किया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# सोयुज MS-27 अंतरिक्ष यान

## चर्चा में क्यों?

- 9 दिसम्बर, 2025 को सोयुज MS-27 अंतरिक्ष यान, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) से सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आया।

## मुख्य बिन्दु:

- **प्रक्षेपण यान:** सोयुज बूस्टर रॉकेट (रूसी रॉकेट)।
- **प्रक्षेपण स्थल:** बैकोनूर कोस्मोड्रोम, कजाकिस्तान।
- **शामिल अंतरिक्ष एजेन्सियाँ:** नासा व रोस्कोस्मोस (रूस)।
- **अभियान:** ISS के 73वें दीर्घकालिक अभियान का हिस्सा।

**शामिल दल:**

1. **जोनाथन योंग/जॉनी किम -** नासा
2. **सर्गेई रायज़िकोव -** रूस
3. **एलेक्सी जुब्रित्स्की –** रूस

**उद्देश्य:**

- इसका प्राथमिक लक्ष्य ISS (अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन) पर जारी वैज्ञानिक जाँच और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन प्रयोगों को समर्थन प्रदान करना है।
- दल द्वारा किए गए शोध में चंद्रमा और मंगल ग्रह पर नियोजित मानवयुक्त मिशन शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# महत्त्वपूर्ण योजनाएँ

## निर्यात संवर्धन मिशन-EPM

### चर्चा में क्यों?

- सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से MSME तथा श्रम प्रधान क्षेत्रों के लिए निर्यात संवर्धन मिशन को मंजूरी दी है।

### मुख्य बिन्दु:

**अतिरिक्त जानकारी-**

- 2025-26 के केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री ने निर्यात सवंर्धन मिशन की घोषणा की।
- **समयावधि –** 6 वर्ष – वित्त वर्ष- 2025-26 से 20230-31
- **संबद्ध संस्थान –** MSME मंत्रालय, वाणिज्य विभाग, वित्त मंत्रालय, निर्यात सवंर्धन परिषद्, उद्योग संघ, राज्य सरकारें।
- **कार्यान्वयन ऐजेंसी –** विदेश व्यापार महानिदेशालय
- **दो एकीकृत उप-योजनाएँ –** निर्यात प्रोत्साहन, निर्यात दिशा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आर्थिक परिदृश्य

## हिन्दु वृद्धि दर

### चर्चा में क्यों?

- प्रधानमंत्री ने हिन्दु वृद्धि दर अभिव्यक्ति की आलोचना की है। इसने पहले के दशकों में भारत के मंद आर्थिक संवृद्धि को लोगों की आस्था और पहचान से जोड़ा था।

### मुख्य बिन्दु:

**HGR :-**

- **शब्दावली :-** 1978 में राज कृष्णा द्वारा।
- **समयावधि :-** मुख्य रूप से 1950 से 1980 के दशक तक भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि का वर्णन करने के लिए किया गया था।
- इस अवधि में देश के सकल घरेलू उत्पाद में प्रतिवर्ष लगभग 3.5-4% की वृद्धि दर्ज की गई थी।
- इस शब्दावली के अनुसार यह धीमी वृद्धि हिन्दु जीवन शैली से आई है, जिसका तात्पर्य भाग्य को स्वीकार करने या थोड़े में संतुष्ट रहने की सांस्कृतिक आदत से है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड, 2025

### चर्चा में क्यों?

- वन्यजीव संरक्षण और पशु कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटीव डायरेक्टर और वनतारा के फाउंडर अनंत अंबानी को ग्लोबल ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड, 2025 से सम्मानित किया गया।

### मुख्य बिन्दु:

- अंनत अंबानी यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले सबसे युवा और पहले एशियाई व्यक्ति बन गए है।

**वनतारा पशु बचाव, संरक्षण और पुनर्वास केन्द्र:**

- **वनतारा का अर्थ:** जंगल का तारा।
- **विकास:** रिलायंस फाउंडेशन।
- **अवस्थित:** मोतीखावड़ी गाँव, जामनगर, गुजरात।
- **उद्घाटन:** मार्च, 2025


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सर्वज्ञ सिंह कुशवाह: शतरंज**<br>■ मध्यप्रदेश के 3 वर्ष 7 माह के सर्वज्ञ सिंह कुशवाह विश्व के सबसे कम उम्र के FIDE रेटेड शतरंज खिलाड़ी बन गए है।<br>■ दिसम्बर में उन्हें 1572 की रेपिड रेकिंग मिली।<br>■ **FIDE (International Chess Federation):** शतरंज की वैश्विक शासी संस्था जो आधिकारिक टूर्नामेंट, रेकिंग और नियमों का निरीक्षण करती है।<br>■ FIDE रेटिंग एक अंतरराष्ट्रीय पैमाना है जो खिलाड़ी की क्षमता को दर्शाता है। |
| 2. | **अभिनेत्री रवीना टंडन**<br>■ हाल ही में अभिनेत्री रवीना टंडन को पशु अधिकार, वन्यजीव संरक्षण वीगल लाइफस्टाइल और ह्यूमन एजुकेशन को बढ़ावा देने के योगदान के कारण PETA इंडिया का पर्सन ऑफ द ईयर चुना गया है। |
| 3. | **"क्रांति खेल से" अभियान**<br>■ स्पेशल ओलंपिक्स भारत ने बौद्धिक व विकासात्मक अक्षमता वाले खिलाड़ियों के लिए "क्रांति खेल में" अभियान शुरू किया।<br>■ इसके तहत् खिलाड़ियों को 2027 सैटियागों में आयोजित स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स हेतु तैयार किया जाएगा। |
| 4. | **ग्लोबल AI शो, 2025**<br>■ **मेजबानी:** अबूधाबी<br>■ **उद्देश्य:** प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शोधकर्ताओं, नीति निर्माताओं और प्रमुख उद्योग जगत को एक मंच पर लाना।<br>■ यह कार्यक्रम 6 प्रमुख स्तंभों पर आधारित है, जिनमें नियामक ढाँचे और स्वास्थ्य सेवा परिवर्तन से लेकर विकेन्द्रीकृत वित्त, स्वायत्त रक्षा प्रौद्योगिकियाँ और कार्य का भविष्य शामिल है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 5. | **गीता महोत्सव**<br>▪ **आयोजन:** कोलंबो, श्रीलंका<br>▪ **आयोजक:** भारतीय उच्चायोग के स्वामी विवेकानंद सांस्कृतिक केन्द्र के द्वारा। |
| 6. | **आंद्रेज वाबिस: चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री**<br>▪ **शपथ:** 9 दिसम्बर, 2025 को दूसरी बार।<br>▪ **पहली बार:** वर्ष 2017 से 2021 तक।<br>**चेक गणराज्य:**<br>▪ यह मध्य यूरोप का एक भू-आबद्ध देश है।<br>▪ **सीमाएँ:** ऑस्ट्रिया, जर्मनी, पोलैंड और स्लोवाकिया से लगती है।<br>▪ **राजधानी :** प्राग<br>▪ चेक गणराज्य नाटो, यूरोपीय संघ, OECD, यूरोप में सुरक्षा और सहयोग संगठन (OSCE) और यूरोप परिषद् (COE) का सदस्य है। |
| 7. | **33वें दक्षिण पूर्व एशियाई खेल (SEAG), 2025**<br>▪ **आयोजन:** बैंकॉक, थाईलैंड<br>▪ **भागीदारी देश:** दक्षिण पूर्व एशियाई देश (थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, फिलीपींस, सिंगापुर, म्यांमार, वियतनाम, लाओ पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक, ब्रुनेई, तिमोर लेस्ते आदि)। |
| 8. | **बाबा अधव**<br>▪ वरिष्ठ सामाजिक नेता और महाराष्ट्र के श्रमिक एवं सामाजिक न्याय आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता डॉ. बाबा अधव का निधन हो गया।<br>**योगदान:**<br>1. हमाल पंचायत सहित प्रमुख श्रमिक नेतृत्व वाली पहलों की शुरुआत की।<br>2. एक गाँव-एक जल स्त्रोत अभियान का नेतृत्व किया। |
| 9. | **पारंपरिक चिकित्सा पर दूसरा विश्व स्वास्थ्य संगठन वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2025**<br>▪ **आयोजन :** 17 से 19 दिसम्बर, 2025 को नई दिल्ली में।<br>▪ **सह मेजबानी :** भारत<br>▪ **सहयोग:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)। |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 10. | **जल शक्ति हैकाथॉन, 2025**<br>■ हाल ही में, नई दिल्ली में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री द्वारा "जल शक्ति हैकाथॉन, 2025 और भारत-विन पोर्टल का शुभारंभ किया।<br>■ **उद्देश्य:** जल क्षेत्र में नवाचारों को बढ़ावा देना।<br>■ यह भारत के जल क्षेत्र में वैज्ञानिक एवं तकनीकी समाधानों मजबूत करने वाले 'जल विजन@2047' के अनुरूप है। |
| 11. | **भारत में AI विकास में माइक्रोसॉफ्ट का निवेश**<br>■ हाल ही में, माइक्रोसॉफ्ट (सत्य नडेला) ने भारत के AI बुनियादी ढाँचे में 1.58 लाख करोड़ रुपये (17.5 अरब डॉलर) के निवेश की घोषणा की।<br>■ **निवेश की अवधि :** यह निवेश वर्ष 2026 से 2029 के मध्य होगा।<br>■ यह एशिया का अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। |
| 12. | **एक राष्ट्र, एक बंदरगाह ढाँचा**<br>■ हाल ही में, केन्द्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री ने एक राष्ट्र, एक बंदरगाह ढाँचे के सम्बन्ध में राज्यसभा में जानकारी प्रदान की।<br>■ **शुरुआत:** पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय।<br>■ **उद्देश्य:** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की अनुपालना, बंदरगाह प्राधिकरणों, सीमा शुल्क, आव्रजन, बंदरगाह स्वास्थ्य संगठनों, पोत परिवहन महानिदेशालय जैसे प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाना।<br>■ **प्रभाव:** इसके कार्यान्वयन से दस्तावेजीकरण में 33% कमी आएगी, जिससे दक्षता वृद्धि और लागत व समय में कमी होगी। |
| 13. | **वाशिंगटन एकॉर्ड्स**<br>■ संयुक्त राज्य अमेरिका की मध्यस्थता में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और खांडा के मध्य शांति व समृद्धि के लिए वाशिंगटन एकॉर्ड्स पर हस्ताक्षर किए गए। |
| 14. | **UHC ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट-2025**<br>■ यह रिपोर्ट विश्व स्वास्थ्य संगठन और विश्व बैंक समूह ने संयुक्त रूप से जारी की है।<br>■ इस रिपोर्ट में सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में प्रगति का विश्लेषण किया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR